# विजयवर्गीय राजसेवक परिषद एवं ''संगम'' निर्माण समिति के पदाधिकारियों की श्रीरामनिवास धाम शाहपुरा की ऐतिहासिक सामूहिक धार्मिक यात्रा

विजयवर्गीय राजसेवक परिषद,जयपुर एवं ''संगम'' विजयवर्गीय सामुदायिक केन्द्र, प्रतापनगर की निर्माण समिति के सभी पदाधिकारी अपनी जीवन–संगनी के साथ दिनांक 30 सितम्बर, 2018 को अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय व्यासपीठ शाहपुरा धाम पहुंचकर संत शिरोमणी श्री श्री 1008 श्रीरामदयाल जी महाराज का चरण वंदन कर आर्शीवाद प्राप्त किया ।

राजसेवक परिषद के अध्यक्ष एवं विजयवर्गीय समाज की गुलाबी नगर जयपुर में निर्माणाधीन धरोहर ''संगम'' विजयवर्गीय सामुदायिक केन्द्र के मुख्य प्रणेता आदरणीय श्री राजेन्द्र प्रसाद जी विजयवर्गीय (नारायणपुर निवासी) ने शासन उप सचिव, शासन सचिवालय के गरिमापूर्ण पद से अपनी दिनांक 28 सितम्बर,2018 को हुई सेवानिवृत्त के अवसर पर यात्रा प्रायोजित कर समाज में नया आयाम स्थापित किया ।

यात्रा के प्रथम पडाव के अन्तर्गत आराध्य गुरूदेव श्री रामचरण जी महाराज के प्राकट्य स्थल सोढा धाम के दर्शनों के साथ हुआ ।

द्वितीय पडाव में मालपुरा विजयवर्गीय समाज के अध्यक्ष श्री मुरलीधर जी विजयवर्गीय, महामंत्री श्री गिरधर जी विजयवर्गीय, श्री किशन बिहारी जी विजयवर्गीय एवं अनेको अनेक मालपुरा विजयवर्गीय समाज के बडी संख्या में गणमान्य महानुभावों द्वारा आत्मीयता के साथ सभी का स्वागत व अभिनन्दन किया गया । साथ ही उत्साहपूर्वक सभी के लिये अच्छे व्यजनों के साथ अल्पाहार की सराहनीय व्यवस्था की गई । इस अवसर पर मालपुरा समाज के अध्यक्ष श्री मुरलीधर जी विजयवर्गीय द्वारा सभी का स्वागत करते हुये राजसेवक परिषद के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद जी विजयवर्गीय का विशेष उपहार प्रदान कर अभिवादन किया।

परिषद अध्यक्ष ने सभी की ओर से मालपुरा समाज द्वारा जो आत्मीयता के साथ अभिनन्दन किया उस हेतु सभी महानुभावों का आभार व्यक्त करते हुये विजयवर्गीय समाज की उपयोगी निर्माणाधीन धरोहर ''संगम'' विजयवर्गीय सामुदायिक केन्द्र, प्रतापनगर हेतु आर्थिक सहयोग की अपील भी की, जिसे सभी ने सराहते हुये शीध्र ही अपने अभिमत से अवगत कराने का पूर्ण आश्वासन भी दिया । इसी की कडी में श्री किशन बिहारी विजयवर्गीय पुत्र श्री धनश्याम जी विजयवर्गीय पीपलू निवासी द्वारा 51 हजार रूपये के अनुदान की घोषणा भी की गई । उल्लेखनीय है कि इनके द्वारा पूर्व में भी 25 हजार रूपये का अनुदान प्रदान किया जा चुका है।

यात्रा के तृतीय पडाव में केकडी विजयवर्गीय समाज के अध्यक्ष श्री रामनरेश जी विजयवर्गीय, श्री आनन्द जी विजयवर्गीय–केकडी निवासी (राजसेवक परिषद के संगठन मंत्री), उनकी मित्र मण्डली ने यात्रा के प्रत्येक महानुभावों का केकडी आगमन पर खुशी व्यक्त करते हुये भावपूर्ण अभिनन्दन किया। साथ ही श्री आनन्द जी की मित्र मण्डली द्वारा स्वादिष्ट व्यजनों के साथ दोहपर के खाने की अत्यन्त ही गरिमापूर्ण व्यवस्था की, जिसका सभी यात्रियों ने आनन्द उठाया । इस अवसर पर केकडी समाज के अनेकों अनेक प्रतिष्ठित गणमान्य महानुभावों के समक्ष केकडी निवासी श्री राजेश विजयवर्गीय, लेखाकार द्वारा परिषद अध्यक्ष का उनकी सेवानिवृति के उपलक्ष्य में विशेष सम्मान किया गया ।

परिषद अध्यक्ष ने सभी की ओर से केकडी विजयवर्गीय समाज एवं विशेष तौर पर श्री आनन्द जी की मित्र मण्डली का, जिन्होंने यात्रियों का जो आत्मीयता के साथ अभिनन्दन किया उस हेतु आभार

व्यक्त करते हुये विजयवर्गीय समाज की उपयोगी निर्माणाधीन धरोहर ''संगम'' विजयवर्गीय सामुदायिक केन्द्र, प्रतापनगर हेतु आर्थिक सहयोग की अपील भी की, जिसे सभी ने सराहते हुये शीध्र ही अपने अभिमत से अवगत कराने का पूर्ण आश्वासन भी दिया । इसी की कडी में केकडी समाज के अध्यक्ष श्री रामनरेश जी विजयवर्गीय द्वारा अपनी ओर से 11 हजार रूपये अनुदान प्रदान करने की घोषणा भी गई।

यात्रा के अन्तिम पडाव में शाहपुरा धाम पहुंचकर सभी यात्रियों ने रामस्नेही सम्प्रदाय के वर्तमान पीठाधीश्वर संत शिरोमणी श्री श्री 1008 श्री रामदयाल जी महाराज के दर्शन लाभ प्राप्त कर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया। साथ ही महाराजश्री से ''संगम'' निर्माण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई व इस भवन के प्रथम चरण का समय पर उद्धाटन आगामी रामचरण जयन्ती से पूर्व कराये जाने का मार्गदर्शन व आर्शीवाद प्राप्त किया । जिस पर महाराजश्री ने स्वामीजी श्री रामचरण जी महाराज की त्रि–शताब्दी प्रकाट्य दिवस समारोह के अन्तर्गत इस भवन का उद्धाटन कर इसे एतिहासिक स्वरूप प्रदान करने की इच्छा जाहिर करते हुये आर्शीवाद प्रदान किया।

सभी यात्रियों ने रामधुनी में भाग लिया व शाहपुरा धाम स्थल का विचरण कर, आनन्द प्राप्त करते हुये वापस जयपुर के लिये प्रस्थान किया ।

वापसी में भी परिषद अध्यक्ष द्वारा मालपुरा में अल्पहार की विशेष व्यवस्था की गई और साथ में जयपुर के अन्तिम पडाव में अपने निवास पर सभी को आईक्रीम से मुंह मीठा कराते हुये ''संगम'' निर्माण हेतु अपने परिवार की ओर से 51 हजार रूपये का अतिरिक्त अनुदान प्रदान करने की घोषणा की गई। उल्लेखनीय है कि इनके परिवार के मुखिया प्रमुख समाज सेवी (पिताश्री) श्री जगदीश प्रसाद जी गुप्ता (नारायणपुर निवासी) द्वारा पूर्व में 6लाख 11हजार 111 रूपये (मंदिर निर्माण सहित) एवं निर्माण स्थल पर वाटरकूलर की व्यवस्था करते हुये अनुदान प्रदान किया जा चुका है।

अन्त में परिषद अध्यक्ष द्वारा सभी पदाधिकारियों व उनकी जीवन–संगनियों का यात्रा में शमिल होने का आभार व्यक्त किया गया साथ ही परिषद की सांस्कृतिक मंत्री श्रीमती समुन विजयवर्गीय–सांगानेर का विशेष आभार व्यक्त किया कि उनकी प्रेरणा से इस यात्रा का सफलता पूर्वक आयोजन हुआ ।

(गिरधर विजय)
संयुक्त महासचिव व प्रवक्ता,
विजयवर्गीय (वैश्य) राजसेवक परिषद, जयपुर